JUNE 20
रांची,गुरुवार
मूल्य : ₹ 3
रजिस्ट्रेशन : जे एच 11-0013425
dailykhabar99.com

# डेली खबर99

सच्चाई का उजागर

रांची | हजारीबाग | कोडरमा | चतरा| धनबाद | पटना | नई दिल्ली | पश्चिम बंगाल से प्रकाशित

@Daily.Khabar99 @Daily.Khabar99 @Daily.Khabar99



## राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का 66वां जन्मदिन आज, PM मोदी ने एक्स पर किया पोस्ट, जानें क्या लिखा



**संवाददाता,नई दिल्ली**

नई दिल्ली: प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को उनके जन्मदिन पर बधाई देते हुए उनकी अच्छी सेहत और लंबे जीवन की कामना की है। पीएम मोदी ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म X पर लिखा, "राष्ट्रपति जी को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं। हमारे राष्ट्र के प्रति उनकी अनुकरणीय सेवा और समर्पण हम सभी को प्रेरित करता है। उनकी बुद्धिमत्ता और गरीबों और हाशिए पर पड़े लोगों की सेवा करने पर जोर एक मजबूत मार्गदर्शक शक्ति है। उनकी जीवन यात्रा करोड़ों लोगों को उम्मीद देती है। भारत उनके अथक प्रयासों और दूरदर्शी नेतृत्व के लिए हमेशा उनका आभारी रहेगा। उन्हें दीर्घायु और स्वस्थ जीवन का आशीर्वाद मिले।"

### CM योगी आदित्यनाथ ने दी बधाई

यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को उनके जन्मदिन पर बधाई दी। आदित्यनाथ पर सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा, "जनसेवा, राष्ट्र सेवा और समाज के प्रत्येक वर्ग के कल्याण के लिए सतत समर्पित माननीय राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू जी को जन्मदिन की हार्दिक बधाई! भगवान श्री जगन्नाथ जी से आपके सुदीर्घ व सुयशपूर्ण जीवन और उत्तम स्वास्थ्य की प्रार्थना है।"

## जानें राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के बारे में

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का जन्म 20 जून 1958 को ओडिशा के मयूरभंज जिले के उपरबेड़ा गांव में एक संथाली आदिवासी परिवार में हुआ था। उन्होंने 25 जुलाई 2022 को राष्ट्रपति पद की शपथ ली थी। इससे पहले वह झारखंड की राज्यपाल थीं। मुर्मू का प्रारंभिक जीवन कठिनाइयों और संघर्षों से भरा रहा। गांव के स्कूल से प्राथमिक शिक्षा पूरी करने के बाद मुर्मू आगे की पढ़ाई के लिए भुवनेश्वर गईं। उन्होंने रमादेवी महिला महाविद्यालय, भुवनेश्वर से कला स्नातक की उपाधि प्राप्त की। वे अपने गांव से कॉलेज जाने वाली प्रथम बालिका बनीं।




## PM मोदी की इटली यात्रा से कांग्रेस क्यों नाराज, अगस्ता वेस्टलैंड घोटाला बना वजह? इटली ने भारत को सौंपे सीलबंद डॉक्यूमेंट





G-7 शिखर सम्मेलन के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की हालिया इटली यात्रा तीसरे कार्यकाल में उनकी पहली विदेश यात्रा और सात देशों के समूह के बैठक (जी-7) में जाने का उनका पांचवां कार्यक्रम था। हालांकि, इटली में उनके गर्मजोशी से हुए स्वागत ने कई लोगों, विशेष रूप से इसने कांग्रेस पार्टी को परेशान कर दिया। क्योंकि कांग्रेस पीएम मोदी की इटली यात्रा के पीछे के उद्देश्य पर सवाल उठाती रही। सूत्रों का कहना है कि कांग्रेस की नाराजगी का कारण अगस्ता वेस्टलैंड घोटाला (वीवीआईपी हेलीकॉप्टर घोटाला) का 'डर' हो सकता है, जो उसे परेशान कर रहा है, खासकर ऐसे समय में जब वह लोकसभा चुनाव में पार्टी की सफलता का जश्न मना रही है।

### इटली ने भारत को सौंपे सीलबंद डॉक्यूमेंट

बीजेपी आईटी सेल के प्रमुख अमित मालवीय ने भी सवाल किया, 'जी-7 शिखर सम्मेलन के लिए पीएम मोदी की इटली यात्रा के बारे में कांग्रेस लगातार क्यों शिकायत कर रही थी' और उन्होंने यह भी विवरण साझा किया कि सबसे पुरानी पार्टी को क्या 'चिंतित और परेशान' कर रहा है। एक प्रमुख अंतरराष्ट्रीय दैनिक ने सूत्रों का हवाला देते हुए दावा किया कि इटली ने अगस्ता वेस्टलैंड हेलिकॉप्टर घोटाले पर अपनी अदालत के 225 पृष्ठों के विस्तृत फैसले और रिश्वत घोटाले से संबंधित कुछ दस्तावेजों को भारत के साथ साझा किया है। इससे साफ है कि ये दस्तावेज पूरे खेल को पलट सकते हैं और भारत में उच्च प्रोफाइल वाले राजनेताओं और बिचौलियों को उनके इस अपराध के लिए दंडित किया जा सकता है।इसमें यह भी दावा किया गया कि पीएम मोदी की हाल की इटली यात्रा से लौटने के बाद इस वीवीआईपी हेलिकॉप्टर घोटाले में जांच और अभियोजन गति पकड़ सकता है।

### यूपीए-2 के कई चेहरे हो सकते हैं बेनकाब

# चुनाव आयोग को मिले आठ लोकसभा सीटों पर EVM सत्यापन के आवेदन, जानें किस पार्टी ने कहां की जांच की मांग




संवाददाता,दिल्ली

**ECI:** ईवीएम में छेड़छाड़ के मामले में चुनाव आयोग को आठ लोकसभा सीटों से आवेदन प्राप्त हुए हैं। महाराष्ट्र के अहमदनगर से भारतीय जनता पार्टी उम्मीदवार सुजय विखे पाटिल ने 40 मतदान केंद्रों की ईवीएम मशीनों के सत्यापन की मांग की है।चुनाव आयोग को लोकसभा चुनाव में ईवीएम में छेड़छाड़ के मामले में भारतीय जनता पार्टी और कांग्रेस सहित आठ उम्मीदवारों के आवेदन प्राप्त हुए हैं। बता दें कि इससे पहले सर्वोच्च अदालत ने 26 अप्रैल को इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों में हेरफेर के संदेह को निराधार बताया था। इसके साथ ही पेपर बैलेट प्रणाली को बहाल करने की मांग को भी खारिज किया गया था। हालांकि उसी दौरान सर्वोच्च अदालत ने असफल उम्मीदवारों को एक विकल्प दिया था। अदालत ने कहा था कि चुनाव परिणाम में दूसरे और तीसरे स्थान पर आने वाले उम्मीदवार प्रत्येक चुनावी क्षेत्र से पांच प्रतिशत ईवीएम के सत्यापन के लिए लिखित अनुरोध कर सकते हैं। कोर्ट ने इस प्रक्रिया के लिए चुनाव आयोग को एक निश्चित शुल्क निर्धारित करने की अनुमति दी थी।

## इन्होंने किया आवेदन

महाराष्ट्र के अहमदनगर से भारतीय जनता पार्टी उम्मीदवार सुजय विखे पाटिल ने 40 मतदान केंद्रों की मशीनों के सत्यापन की मांग की है। पाटिल को लोकसभा चुनाव में राकांपा (एसपी) प्रत्याशी नीलेश लंके ने हराया था। इसके अलावा भाजपा उम्मीदवारों ने तमिलनाडु के वेल्लोर और तेलंगाना की जहीराबाद सीटों से ईवीएम सत्यापन की मांग की है। हरियाणा की करनाल और फरीदाबाद सीट, छत्तीसगढ़ की कांकेर सीट से कांग्रेस उम्मीदवारों ने ईवीएम सत्यापन की मांग की है। चुनाव आयोग द्वारा साझा किए गए आंकड़ों के अनुसार आंध्र प्रदेश में युवजन श्रमिक रायथू कांग्रेस पार्टी (वाईएसआरसीपी) और तमिलनाडु में देसिया मुरपोक्कू द्रविड़ कड़गम ( डीएमडीके ) के एक-एक उम्मीदवार ने भी सत्यापन के लिए आवेदन किया है। चुनाव आयोग के मुताबिक कुल छह राज्यों की आठ संसदीय सीटों के उम्मीदवारों ने ईवीएम के सत्यापन की मांग की है। कुल मिलाकर 92 मतदान केंद्रों की मशीनों के सत्यापन की मांग की गई है।1 जून को चुनाव आयोग द्वारा मानक संचालन प्रक्रिया जारी की गई थी। दूसरे या तीसरे स्थान पर आने वाले उम्मीदवार अगर ईवीएम का सत्यापन कराना चाहते हैं तो उन्हें प्रति ईवीएम 47200 रुपये का भुगतान करना होगा।

# राहुल गांधी के केंद्र पर वार के बाद भाजपा का पलटवार, राजस्थान में पेपर लीक की दिलाई याद



संवाददाता,नई दिल्ली

**UGC-NET:** राहुल गांधी ने कहा था कि पेपर लीक में गड़बड़ियों को लेकर कहा था जो भी जिम्मेदार है, उसको पकड़ा जाना चाहिए। उधर भारतीय जनता पार्टी का कहना है कि राहुल गांधी ने कभी भी राजस्थान में पेपर लीक पर एक शब्द तक नहीं कहा।यूजीसी-नेट परीक्षा रद्द करने पर विपक्ष सत्तारूढ़ दल भारतीय जनता पार्टी पर हमलावर है। इस बीच राहुल गांधी ने केंद्र सरकार पर निशाना साधा तो अब भाजपा नेताओं ने कांग्रेस नेता पर पलटवार किया है।

## शहजाद पूनावाला ने क्या कहा?

भाजपा के प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने कहा कि अगर राहुल गांधी को किसी परीक्षा से कोई समस्या है, तो वे इसकी कमियां बता सकते हैं। उन्होंने कहा 'देश में पेपर लीक का सबसे बड़ा केंद्र अशोक गहलोत की सरकार के दौरान राजस्थान रहा है। इस पेपर लीक का मास्टरमाइंड राहुल गांधी के साथ भारत जोड़ो यात्रा में शामिल रहा।' भाजपा नेता ने कहा कि राहुल गांधी ने मध्यप्रदेश और गुजरात के युवाओं पर कुठाराघात किया है।

## राजस्थान में पेपर लीक पर एक शब्द नहीं बोले राहुल- सुधांशु त्रिवेदी

उधर भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी का कहना है कि सरकार नीट परीक्षा पर पूरी तरह सतर्क और संवेदनशील है। उन्होंने कहा कि सरकार लाखों युवाओं के साथ कोई अन्याय नहीं होने देगी। जो भी इसके लिए जिम्मेदार हैं उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी को लाखों छात्रों के भविष्य से कोई लेना-देना नहीं है और वह सिर्फ इस विषय पर अपनी राजनीति चमकाना चाहते हैं। सुधांशु त्रिवेदी ने आगे कहा कि राहुल गांधी ने राजस्थान में पेपर लीक पर कभी भी एक शब्द भी नहीं कहा।

## राहुल गांधी ने क्या कहा था ?

राहुल गांधी ने कहा था कि 'सभी शिक्षण संस्थानों को भाजपा के लोगों ने कैप्चर कर रखा है। जब तक इन्हें मुक्त नहीं कराया जाएगा, तब तक यह चलता रहेगा। पीएम मोदी इस लीक को रोक नहीं पाए। एक परीक्षा को गड़बड़ियों के बाद आप रद्द कर चुके हैं, पता नहीं दूसरे को रद्द किया जाएगा या नहीं। लेकिन कोई न कोई तो इसके लिए जिम्मेदार है और इसके लिए किसनी न किसी को तो पकड़ा जाना चाहिए।"

# इजरायल के चप्पे-चप्पे में धुआं-धुआं कर देंगे, नसरुल्लाह ने धमकी तो दी है, पर हथियार क्या है?



**नई दिल्ली:** हमास और इजरायल के बीच जंग जारी है. इधर दुनिया एक और जंग की आहट सुन रही है. लेबनान और इजरायल में कभी भी युद्ध छिड़ सकता है. लेबनान के सैन्य संगठन ने इजरायल को खुले आम धमका दिया है. जी हां, ईरान के बल पर कूदने वाले हिजबुल्लाह ने एक बार फिर इजरायल को धमकाया है. हिजबुल्लाह ने ऐलान कर दिया है कि वह इजरायल के चप्पे-चप्पे में धुआं-धुआं कर देगा. दरअसल हिजबुल्लाह के नेता सैयद हसन नसरुल्लाह ने कहा है कि अगर इजरायल लेबनान पर हमला करता है तो चुप्प नहीं बैठेगा. वह भी पटलवार करेगा और बिना किसी नियम या सीमा के ताबड़तोड़ बमबारी करेगा. नसरुल्लाह ने धमकी दी कि अगर साइप्रस ने किसी भी संघर्ष में इजरायल को अपने क्षेत्र का उपयोग करने की अनुमति दी तो वह निशाना बन सकता है. बता दें कि साइप्रस और इजराइल के बीच द्विपक्षीय रक्षा सहयोग समझौता है जिसके तहत दोनों देश संयुक्त अभ्यास करते हैं.

## कौन है हिजबुल्लाह?

हिजबुल्लाह, लेबनान स्थित एक ईरान समर्थित शिया हथियारबंद समूह है. हालांकि अमेरिका के साथ-साथ कई देश इसे आतंकी संगठन मानते हैं. यह संगठन लेबनान और गाजा की ओर से युद्ध के मैदान में होते हैं. 1982 में इजरायल ने जब दक्षिणी लेबनान पर आक्रमण किया था तब हिजबुल्लाह संगठन अस्तित्व में आया. हालांकि, आधिकारिक रूप से हिजबुल्लाह की स्थापना 1985 में हुई थी. तब से लेकर अब तक हिजबुल्लाह के लड़ाके इजरायल पर हमले करते रहते हैं.

## कितना खूंखार है हिजबुल्लाह?

बता दें कि खुद पर खतरा पाकर इजरायल ने भी हिजबुल्लाह के खिलाफ कई ऑपरेशन चलाए हैं. घोषणापत्रों के मुताबिक हिजबुल्लाह का मकसद सशस्त्र संघर्ष के जरिये इजरायल को खत्म करना और अमेरिकी आधिपत्य और क्रूर पूंजीवादी ताकतों के खिलाफ लड़ना है. इजरायली सेना के अनुसार, हिजबुल्लाह के पास 45,000 लड़ाके हैं, जिसमें से 20,000 सक्रिय रहते हैं और 25,000 रिजर्व में हैं. विशेषज्ञों का मानना है कि इस शिया इस्लामी समूह के पास आज 100,000 से अधिक रॉकेट हो सकते हैं. हिजबुल्लाह का कहना है कि उसके पास ऐसे रॉकेट हैं जो इजरायल के सभी इलाकों पर हमला कर सकते हैं, हिजबुल्लाह के पास गाइडेड और अनगाइडेड दोनों तरह के रॉकेट हैं. इसके अलावा गाइडेड मिसाइलें, ड्रोन, एंटी टैंक, एंटी एयरक्राफ्ट और एंटी शिप मिसाइलें भी हैं. 2006 में इजरायल के साथ आखिरी युद्ध में हिजबुल्लाह के नगाइडेड रॉकेटों का बड़ा हिस्सा शामिल था. उस वक्त हिजबुल्लाह ने इजरायल पर 4000 रॉकेट दागे थे, जिनमें ज्यादातर की रेंज 30 किमी से ज्यादा थीं.

# फिर मिलीं 'Aliens' की लाशें? DNA टेस्ट में आया कुछ ऐसा, चकरा गया वैज्ञानिकों का माथा!



एलियंस के अस्तित्व को लेकर दुनियाभर में तमाम कहानियां सामने आ रही हैं. वो बात अलग है कि अब तक कोई ठोस सबूत सामने नहीं आया है कि एलियंस हैं या नहीं. पहली बार एक वैज्ञानिक ने दो कथित एलियंस की लाश को दुनिया के सामने लाकर मेक्सिको की संसद के सामने पेश कर दिया था. वैज्ञानिकों का दावा है कि एलियंस की इन लाश को पेरू के कुस्को से बरामद किया गया है. इसे लेकर वैज्ञानिकों में भी एक राय नहीं है. मेक्सिकन यूफोलॉजिस्ट जैमे मौसन इसे एलियंस के शव बता रहे हैं. वे इस तरह घटनाओं पर काफी समय से काम कर रहे हैं और एलियंस पर उनकी रिसर्च काफी लंबी रही है. हालांकि क्रिस्टोफर हेनी नाम के एक अन्य वैज्ञानिक ने डेली मेल से बातचीत में कहा कि वे इस बात पर भरोसा नहीं करते हैं कि वे एलियन हैं बल्कि उन्हें लगता है कि कंकाल इंसानों के हैं.

## उलझा रही है डीएनए रिपोर्ट

जैमे मौसन ने बताया कि ये ममीज़ एलियन और इंसानों के मेल से बनी हाईब्रिड प्रजाति की हो सकती हैं. उनका दावा है कि डीएनए जांच के दौरान उनकी टीम को इसमें 30 फीसदी डीएनए ऐसे मिले हैं, जो अपरिचित हैं. पिछले 12 महीनों में उन्होंने कई बार ये बात कही है कि उनके पास एलियंस की लाशें हैं. यहां तक कि वे मेक्सिको की संसद में इन दोनों लाशों को लेकर भी पहुंच गए थे और पेरू के संस्कृति मंत्रालय से लगातार संघर्ष कर रहे हैं. वे पेरू की सरकार से इन ममीज़ को लेकर कानूनी लड़ाई भी लड़ रहे हैं.

## कुस्को में मिली थीं ममीज़

साइंटिस्ट का दावा है कि इन लाशों को यूएफओ के मलबे से बरामद किया गया था. पेरू के कुस्को में यह यूएफओ दुर्घटनाग्रस्त हुआ था. ये लाशें सदियों से यहां दबी हुई थीं और धीरे-धीरे जीवाश्म में तब्दील हो गईं. वैज्ञानिकों ने रेडियोकार्बन डेटिंग की मदद से इसके डीएनए सबूतों का विश्लेषण भी किया है. पता चला कि यह एक हजार साल से भी ज्यादा पुराना है.

डेली खबर 99 सच्चाई का उजागर

झारखण्ड

रांची,गुरुवार 20.06.2024



# झारखंड: कैबिनेट ने सीएम, एमएलए और मंत्रियों के वेतन पर लिया बड़ा फैसला, 50 फीसदी तक की बढ़ोतरी को दी मंजूरी



**संवाददाता,रांची**

झारखंड सरकार ने बुधवार को मुख्यमंत्री, नेता प्रतिपक्ष, विधानसभा अध्यक्ष, मंत्रियों और विधायकों के वेतन और अन्य भत्तों में 50 फीसदी तक की बढ़ोतरी के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी। विधायकों को अधिकतम 50 फीसदी वेतन वृद्धि मिलेगी, जबकि मुख्यमंत्री और मंत्रियों को क्रमश: लगभग 25 फीसदी और 31 फीसदी की बढ़ोतरी मिलेगी। मुख्यमंत्री चंपई सोरेन की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक के दौरान यह मंजूरी दी गई। कैबिनेट सचिव वंदना दादेल ने निर्णय की पुष्टि करते हुए कहा, "कैबिनेट ने विधायकों, मंत्रियों, अध्यक्ष, नेता प्रतिपक्ष, मुख्यमंत्री और विधानसभा अधिकारियों के वेतन, भत्ते और अन्य भत्तों में बढ़ोतरी को मंजूरी दे दी है।"

## कितना बढ़ाया किसका वेतन

मुख्यमंत्री का मूल वेतन 80,000 रुपये प्रतिमाह से बढ़ाकर एक लाख रुपये कर दिया गया है, जबकि मंत्रियों का वेतन 65,000 रुपये से बढ़ाकर 85,000 रुपये और विधायकों का वेतन 40,000 रुपये से बढ़ाकर 60,000 रुपये प्रतिमाह कर दिया गया है। विधानसभा अध्यक्ष का मूल वेतन 78,000 रुपये प्रतिमाह से बढ़ाकर 98,000 रुपये, नेता प्रतिपक्ष का 65,000 रुपये से बढ़ाकर 85,000 रुपये और मुख्य सचेतक का 55,000 रुपये से बढ़ाकर 75,000 रुपये प्रतिमाह कर दिया गया है।

## वेतन के अलावा इनको भी मिली मंजूरी

वेतन वृद्धि के अलावा भत्ते और अन्य सुविधाएं भी मंजूर की गईं। मुख्यमंत्री के लिए क्षेत्र भत्ता 80,000 रुपये से बढ़ाकर 95,000 रुपये प्रतिमाह और जलपान भत्ता 60,000 रुपये से बढ़ाकर 70,000 रुपये प्रतिमाह कर दिया गया। मंत्रियों का क्षेत्र भत्ता अब 80,000 रुपये से बढ़ाकर 95,000 रुपये प्रतिमाह कर दिया गया है, जबकि जलपान भत्ता 45,000 रुपये से बढ़ाकर 55,000 रुपये प्रतिमाह का जलपान भत्ता मिलेगा। विधायकों का क्षेत्र भत्ता 65,000 रुपये से बढ़ाकर 80,000 रुपये प्रतिमाह और उनका जलपान भत्ता 30,000 रुपये से बढ़ाकर 40,000 रुपये प्रतिमाह कर दिया गया।

# झारखंड में कब और कहां से दस्तक देगा मानसून? मौसम विभाग ने दिया ताजा अपडेट



**संवाददाता,रांची**

झारखंडवासियों को शीघ्र ही गर्मी से राहत मिलेगी। मौसम विज्ञान केंद्र व कृषि विज्ञान केंद्र के मुताबिक, इस बार मानसून संताल परगना के रास्ते राज्य में दस्तक देगा।महेशपुर कृषि विज्ञान केंद्र के विज्ञानी डॉ. विनोद कुमार ने बताया कि 22 जून तक संताल में मानसून की बारिश शुरू हो जाएगी।

## अभी कहां पहुंचा है मानसून?

सूत्रों के मुताबिक, गुरुवार को मानसून पश्चिम बंगाल के मालदा जिले की सीमा में पहुंच गया था। ऐसे में एक-दो दिन में जिले में भी मानसून के पहुंच जाने की उम्मीद है।

## साहिबगंज और पाकुड़ में हुई प्री-मानसून बारिश

# खरीफ की 14 फसलों की MSP बढ़ी, झारखंड के किसानों को ऐसे पहुंचेगा बंपर फायदा, जानें नए रेट




**संवाददाता,रांची**

**रांची.** केंद्र सरकार की तरफ से खरीफ सीजन की कई फसलों पर एमएसपी में वृद्धि की गई है. यह बढ़ोतरी झारखंड के किसानों के लिए किसी सौगात से कम नहीं है, क्योंकि झारखंड में कई ऐसे जिले हैं जो सूखे से ग्रसित होते हैं और दाल की पैदावार धान और अन्य फसलों के मुकाबले अच्छी होती है. ऐसे में खासकर दाल में सबसे अधिक एमएसपी में वृद्धि यहां के किसानों के हित में है. झारखंड की राजधानी रांची के जिला कृषि पदाधिकारी अशोक सिन्हा ने लोकल 18 को बताया कि जिस तरीके से एमएसपी की दरों में वृद्धि की गई है और खासकर दाल व मोटे अनाज के दाम में सबसे अधिक वृद्धि की गई है. जैसे अरहर की दाल में 550 रुपए की वृद्धि, तिल में 632, सोयाबीन में 292, उड़द में 450 और रागी में 444 रुपए की वृद्धि गई है और यह सारी फसल झारखंड में बड़े पैमाने पर होती है.

## झारखंड के किसानों को पहुंचेगा लाभ

कृषि पदाधिकारी अशोक सिन्हा ने बताया कि झारखंड में वैसे कई जिलें हैं जैसे पलामू, गढ़वा, लातेहार व गोड्डा, यहां पर अक्सर सुखाड़ होती है. यहां पर धान की फसल उतनी अच्छी नहीं हो पाती, क्योंकि इसमें अच्छी खासी पानी की जरूरत होती है, पर अरहर की दाल, मूंगफली, तिल व रागी जैसी चीजों की अच्छी खासी पैदावार होती है, क्योंकि इनमें अधिक पानी की जरूरत नहीं पड़ती.ऐसे में इन सब चीजों पर सबसे अधिक एमएसपी में बढ़ोतरी देखी जा रही है, जो झारखंड के किसानों के लिए किसी सौगात से कम नहीं है. इससे साफ तौर पर किसानों की आय में बढ़ोतरी होगी और उनके सामाजिक और आर्थिक स्थिति सुधरेगी.

## जानें किस फसल पर हुई कितनी वृद्धिकिसानों को पहुंचेगा लाभ

केंद्र सरकार ने 14 फसके एमएसपी की वृद्धि की है, जिसमें धान में 117, धन ए ग्रेड 117, ज्वार 191,ज्वार मलडांडी 196, बाजरा 125, रागी 444, मक्का 135, अरहर 550, मूंग 450, मूंगफली 406, सूरजमुखी 550, सोयाबीन 292 व तिल 632 रुपए की वृद्धि की गई है.

# बिहार के बाद अब झारखंड में भी जातीय जनगणना, चंपई कैबिनेट का बड़ा फैसला



**संवाददाता,रांची**

**रांची:** झारखंड की चंपई सोरेन सरकार ने लोकसभा चुनाव के बाद पहली कैबिनेट बैठक में कई बड़े फैसले लिए हैं। गुरुवार को हुई झारखंड कैबिनेट की बैठक में कुल 33 प्रस्तावों को मंजूरी मिली, जिसमें सबसे अहम है जातीय जनगणना करवाने का फैसला। बिहार के बाद झारखंड ऐसा करने वाला दूसरा राज्य होगा। कैबिनेट ने इस प्रस्ताव पर मुहर लगा दी है। जातीय सर्वेक्षण कराने की जिम्मेदारी कार्मिक विभाग को दी गई है। हालांकि, शुरुआत की तारीख अभी तय नहीं हुई है। जातीय जनगणना INDIA गठबंधन का चुनावी वादा था। राहुल गांधी ने अपनी सभाओं में इसकी घोषणा की थी।

## झारखंड में इसी साल चुनाव

बता दें कि बिहार में भी महागठबंधन की सरकार ने जातीय जनगणना करवाई थी। झारखंड सरकार ने भी विधानसभा में इसकी घोषणा की थी। झारखंड में इस साल के अंत में विधानसभा चुनाव होने हैं, ऐसे में चंपई सरकार का यह फैसला महत्वपूर्ण माना जा रहा है। जातीय जनगणना के बाद सरकार आरक्षण पर कोई फैसला ले सकती है।

## चुनावी मोड में चंपई सोरेन

चुनाव नजदीक आते ही चंपई सोरेन सरकार चुनावी मोड में आ गई है। दो दिन पहले ही मुख्यमंत्री ने मुफ्त बिजली की सीमा 125 यूनिट से बढ़ाकर 200 यूनिट कर दी थी। उन्होंने किसानों के दो लाख रुपये तक के कर्ज माफ करने की भी घोषणा की। साथ ही उन्होंने कहा था कि 25 साल से ज्यादा और 50 साल से कम उम्र की महिलाओं को सरकार आर्थिक मदद देगी। इसके अलावा मुख्यमंत्री ने तीन महीने के अंदर 40 हजार युवाओं को सरकारी नौकरियां देने का भी ऐलान किया है।

# अब इस राज्य में स्कूल और मंदिरों के आसपास बार और रेस्टोरेंट खोला तो खैर नहीं, जानिए कहां का है मामला




**रांची:** झारखंड हाईकोर्ट ने रांची के बीयर बार में फायरिंग में एक युवक की मौत की घटना पर डीसी, एसएसपी और एक्साइज कमिश्नर को तलब कर कड़ी नाराजगी जाहिर की। रांची के मेन रोड इलाके में स्थित एक्सट्रीम स्पोर्ट्स बार में 26 मई को शराब सर्व करने के दौरान हुए दो गुटों के बीच झगड़े और मारपीट के बाद एक युवक ने प्रतिबंधित राइफल से बार के डीजे की गोली मारकर हत्या कर दी थी। इस वारदात पर हाईकोर्ट ने स्वतः संज्ञान लेकर सुनवाई की। कोर्ट ने अफसरों को निर्देश दिया कि स्कूलों और मंदिरों के आसपास बार एवं रेस्टोरेंट खोलने की इजाजत नहीं दी जाए। किसी भी हाल में रात 12 बजे के बाद बार और रेस्टोरेंट को खोला गया और नियमों का उल्लंघन किया गया तो कोर्ट सख्त आदेश जारी करेगा।

## स्कूल-मंदिर के आसपास न खोले जाएं रेस्तरां-बार: हाईकोर्ट

कोर्ट ने एसएसपी को कहा कि अगर पुलिस अलर्ट रहती और संबंधित थाने की पुलिस बार एवं रेस्टोरेंट की गतिविधियों पर निगरानी रखती तो बार में युवक की हत्या जैसी घटना नहीं होती। यह बात संज्ञान में आई है कि कुछ बार सुबह तीन-चार बजे तक खुले रहते हैं।

# झारखंड: 200 यूनिट फ्री बिजली, जवानी में पेंशन... चंपई सोरेन सरकार ने क्यों खोल दिया पिटारा?



**संवाददाता,रांची**

**रांची:** चुनावों में अब दो मुद्दे प्रमुख हो गए हैं। पहला है मुफ्त या अनुदान तो दूसरा है नौकरी। झारखंड में इसी साल विधानसभा का चुनाव होना है। ऐसे में राज्य में जेएमएम के नेतृत्व में चल रही महागठबंधन सरकार, नौकरियों और रोजगार के बदले जनता के लिए मुफ्त की रेवड़ियों का पिटारा खोल चुकी है। झारखंड में तीन दलों झारखंड मुक्ति मोर्चा (जेएमएम), राष्ट्रीय जनता दल (राजद) और कांग्रेस की महागठबंधन सरकार अपने को जनता का हितैषी साबित कर उसे लुभाने का प्रयास कर रही है।

## झारखंड में सरकार ने खोला 'रेवड़ियों' का पिटारा

झारखंड में किसानों के कर्ज माफ हो रहे हैं। पहले चरण में 50 हजार किसानों के 50 रुपये तक के कर्ज माफ हुए थे। अब दो लाख तक के कर्ज माफ होंगे। सरकार ने महिलाओं के लिए जवानी में ही पेंशन का इंतजाम करने का फैसला किया है। अब राज्य में 25 साल से अधिक उम्र की महिलाओं को सरकार पेंशन देगी। बेरोजगार युवकों को 40 प्रतिशत सब्सिडी पर 25 लाख रुपये का कर्ज सरकार मुहैया कराएगी, ताकि वे अपना रोजगार शुरू कर सकें। इतना ही नहीं, सरकार लोगों को 200 यूनिट तक फ्री बिजली देगी। सरकारी विभागों में रिक्त पद सितंबर तक भरे जाएंगे। यानी युवाओं की नौकरी की तलाश खत्म होगी। और भी कुछ घोषणाएं सरकार आने वाले दिनों में कर सकती है। इसलिए इस साल के अंत तक झारखंड विधानसभा का चुनाव होना है। वोटरों को लुभाने में सरकार कोई कसर नहीं छोड़ना चाहती है। आने वाले तीन-चार महीने 'रेवड़ियों' के रहने वाले हैं।

## झारखंड में वापसी के लिए बेकरार है सरकार

# दनुआ घाटी सांझा कट के पास हुआ फिर ट्रक में जोरदार टक्कर, चालक हुआ घायल

**चौपारण :** चौपारण सांझा में दो गाड़ियों की जोरदार टक्कर हुआ जिसमें चालक घायल हो गया, चालक का नाम अहमद फिरोज उम्र 36, पिता इकबाल अहमद जौनपुर के रहने वाला है,मौके पर पहुंची एनएचएआई एंबुलेंस चिकत्सक मिंटू गुप्ता और पायलट सतेन्द्र कुमार के द्वारा बेहतर इलाज के लिए नजदीकी सरकारी हॉस्पिटल पहुंचाया गया, जहां अभी चालक का इलाज चल रहा है,चालक द्वारा बताया जा रहा है की गाड़ी में नर्सरी पोधा लोड है जो की कोलकाता से गुजरात जा रहा था उसी क्रम में सांझा ब्रेकर के के पास अचानक ब्रेक लगाने पर पीछे से आ रही ट्रक जोरदार टक्कर मार दी जिससे दोनों गाड़ी अनियंत्रित हो कर पलट गई और गाड़ी करीब 10 फिट नीचे जा गिरी।




# विधायक अंबा प्रसाद की अनुशंसा पर महुंगाई कला में चापाकल बोरिंग की हुई शुरुआत

संवाददाता,बड़कागांव

**बड़कागांव** : बड़कागांव प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत महुंगाई कला पंचायत के ग्राम अंबाजीत में विधायक अंबा प्रसाद जी की अनुशंसा पर चापाकल बोरिंग का कार्य का शुभारंभ किया गया। इस दौरान गांव के बुद्धिजीवियों व कांग्रेस कार्यकर्ताओं की मौजूदगी में विधिवत पूजा अर्चना कर बोरिंग का शुभारंभ करवाया गया।सभी पंचायतों में चापाकल बोरिंग कार्य किया जाएगा जिसकी शुरुआत हो चुकी है।इस दौरान पूर्व पंचायत समिति सदस्य अशोक कुमार सिंह, संजय दास, उप मुखिया सुबोध कुमार सिंह, पंचायत अध्यक्ष श्याम कुमार भार्गव,जल सहिया माधुरी देवी, शक्ति सिंह, सोनू सिंह, मनजीत सिंह, बृजेश सिंह, भास्कर सिंह,अनुभव रंजन, सूरज देव सिंह,मुकेश सिंह, सूरज सिंह, अंकुर सिंह आदि लोग मौजूद थे ।



# कांग्रेस नेता मुन्ना सिंह की अगुआई में बेस पंचायत के जारा टोला डुबकिया में 25केवीए ट्रांसफार्मर उपलब्ध कराया गया

संवाददाता, हजारीबाग

**कटकमदाग :** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मुन्ना सिंह के प्रयासों से कटकमदाग प्रखंड के बेस पंचायत के जारा टोला डुबकिया में 25केवीए का ट्रांसफार्मर उपलब्ध करवाया गया। इस पहल से क्षेत्र के ग्रामीणों को अंधेरे से मुक्ति मिलेगी, जो कई दिनों से बिजली की समस्या से जूझ रहे थे।बेस पंचायत के जारा टोला डुबकिया क्षेत्र में लगातार हाथियों का आना-जाना बना रहता था, जिससे जंगली इलाका होने के कारण अंधेरे में आने-जाने में ग्रामीणों को कई समस्याओं का सामना करना पड़ता है। इस ट्रांसफार्मर की स्थापना से न केवल बिजली की समस्या का समाधान होगा, बल्कि सुरक्षा की दृष्टि से भी ग्रामीणों को राहत प्राप्त होगा। ग्रामीणों ने श्री मुन्ना सिंह जी का आभार व्यक्त किया और उनके इस सराहनीय कार्य के लिए धन्यवाद दिया। ग्रामीणों का कहना है कि इस पहल से उनकी दैनिक जीवन की कठिनाइयाँ काफी हद तक कम होंगी।मुन्ना जी ने आश्वासन दिया कि वह क्षेत्र के विकास और समस्याओं के समाधान के लिए हमेशा तत्पर रहेंगे और जनता के हित में कार्य करते रहेंगे।



# राज्य के लोकप्रिय माननीय मंत्री श्री सत्यानन्द भोगता जी चार दिवसीय दौरे पर पहुँचे चतरा

**संवाददाता,चतरा**

राज्य के लोकप्रिय माननीय मंत्री श्री सत्यानन्द भोगता जी आज चार दिवसीय दौरे पर चतरा पहुँचे। इस दौरान माननीय मंत्री श्री भोगता जी चतरा जिले के प्रशिक्षण सह कौशल विकास केंद्र (DMFT) चतरा में जिले में संचालित सभी विभागों का बारी बारी से समीक्षा की। बैठक में माननीय मंत्री के आगमन पर उपायुक्त रमेश घोलप ने पुष्पगुच्छ भेंटकर स्वागत किया। बैठक के दौरान माननीय मंत्री श्री भोगता जी ने सभी पदाधिकारियों को संचालित योजनाओं में तेजी गति से ससमय एवं गुणवत्तापूर्ण पूर्ण का करने का निर्देश दिया। साथ ही पदाधिकारियों को आम जनता से बेहतर तालमेल स्थापित कर समाज के अंतिम पायदान पर खड़े लोगों तक कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुँचाने का दिशा निर्देश दिया। मुख्य रूप से जिले में बिजली एवं पानी के समस्याओं से निजात के लिए कई अहम पहलुओं पर विचार विमर्श किया गया, डाढ़ा पॉवर ग्रिड को जल्द से जल्द चालू करने का निर्णय लिया गया और अन्य समस्याओं को जल्द से जल्द निदान करने का निर्देश दिया गया।बैठक समाप्ति के उपरांत करोड़ों रुपए की योजनाओं का विधिवत ऑनलाइन उदघाटन किया। साथ ही लाभुकों के बीच परिसंपत्तियों का वितरण किया एवं झारखंड में मादक पदार्थों के उन्मूलन को लेकर प्रचार प्रसार LED वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उक्त बैठक में चतरा उपायुक्त रमेश घोलप, जिलापरिषद अध्यक्ष ममता देवी, जिलापरिषद उपाध्यक्ष ब्रजकिशोर तिवारी, 20सूत्री जिला उपाध्यक्ष प्रभुदयाल यादव, मंत्री प्रतिनिधि भोला प्रसाद गुप्ता, मंत्री प्रतिनिधि चंद्रिका यादव, सांसद प्रतिनिधि विनय सिंह, राष्ट्रीय जनता दल जिलाध्यक्ष नवलकिशोर यादव समेत कई गणमान्य मौजूद रहे।लोगों तक कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुँचाने का दिशा निर्देश दिया। मुख्य रूप से जिले में बिजली एवं पानी के समस्याओं से निजात के लिए कई अहम पहलुओं पर विचार विमर्श किया गया, डाढ़ा पॉवर ग्रिड को जल्द से जल्द चालू करने का निर्णय लिया गया और अन्य समस्याओं को जल्द से जल्द निदान करने का निर्देश दिया गया।





# चतरा में पिस्टल की नोंक पर महिला से दुष्कर्म के आरोपी को जेल, उधार नहीं चुकाने पर घर में घुसकर किया था रेप

सेवा ही लक्ष्य
झारखंड पुलिस

**संवाददाता, चतरा**

**चतरा:** झारखंड की चतरा पुलिस ने उधार नहीं चुकाने पर पिस्टल की नोंक महिला से दुष्कर्म करने के आरोपी को गिरफ्तार कर रविवार को जेल भेज दिया. गिरफ्तार आरोपी बलजीत यादव (पिता-बिहारी महतो) राजपुर थाना क्षेत्र के गड़िया गांव का रहने वाला है. उस पर गांव के ही एक महिला ने उधार नहीं चुकाने पर दुष्कर्म करने का आरोप लगाया था. पीड़िता ने महिला थाने में आवेदन देकर उसके खिलाफ मामला दर्ज कराया था. इस संबंध में महिला थाना कांड संख्या 9/24 के तहत मामला दर्ज किया गया.एसडीपीओ संदीप कुमार सुमन ने दल बल के साथ शनिवार की शाम गड़िया गांव पहुंच कर आरोपी को गिरफ्तार किया. चतरा जिले के इस मामले में पीड़िता ने बताया कि उसके पति ने बलजीत यादव से 20 हजार उधार लिया था. हर माह ब्याज के साथ पैसे दे रहे थे. इसके बावजूद आरोपी घर पहुंच कर तरह-तरह की धमकी दे रहा था. साथ ही मोबाईल नंबर मांगा, जब वह अपने पति का नंबर देना चाही, तो धमकी देने लगा. डर कर उसने अपना नंबर दे दिया. मोबाइल नंबर देने के बाद हर रोज फोन कर विभिन्न जगहों पर बुलाता था, लेकिन कहीं नहीं गयी.18 मई की शाम सात बजे बलजीत उसके घर पर आया और पिस्टल दिखा कर दुष्कर्म किया. दुष्कर्म के बाद इसकी जानकारी किसी को देने पर जान से मारने की धमकी दी. पीड़िता ने डर कर पति को घटना की जानकारी दी. पति के साथ 22 मई को महिला थाना पहुंच कर आवेदन दिया. महिला थाना प्रभारी ने आवेदन के आधार पर मामला दर्ज करने के बजाय आरोपी को नोटिस भेजा. आरोपी पर कार्रवाई नहीं हुई तो 13 जून को फिर थाना जाकर न्याय की गुहार लगायी, जहां से उसे भगा दिया गया. इसके बाद मामले ने तूल पकड़ा. इसके बाद 14 जून को मामला दर्ज करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया.



# पटना हाई कोर्ट के आरक्षण पर आए फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट जाएगी सरकार- सम्राट



**पटना** : बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा है कि पटना हाई कोर्ट के आरक्षण पर आए फैसले को राज्य सरकार सुप्रीम कोर्ट में चुनौती देगी। मालूम हो कि एक याचिका पर सुनवाई के बाद पटना हाई कोर्ट ने राज्य सरकार के उस फैसले को रद्द कर दिया है, जिसमें जातीय गणना के बाद आरक्षण की सीमा को बढ़ाने का फैसला लिया गया था। चौधरी ने कहा है कि भाजपा के पूर्ण समर्थन से ही सरकार ने जातीय गणना कराने के बाद आरक्षण की सीमा को 50 फीसद से बढ़ाकर 65 फीसद किया था। नीतीश सरकार के इस फैसले के खिलाफ पटना हाई कोर्ट में याचिका दाखिल की गई थी।जातीय गणना की सर्वे रिपोर्ट सार्वजनिक होने के बाद सरकार ने आरक्षण का दायरा बढ़ाकर ओबीसी, ईबीसी, दलित और आदिवासियों का आरक्षण 65 फीसद कर दिया था। आर्थिक रूप से पिछड़े सवर्णों को बिहार में सरकारी नौकरियों और उच्च शैक्षणिक संस्थानों में मिलने वाले 10 प्रतिशत आरक्षण को मिलाकर कोटा को बढ़ाकर 75 प्रतिशत तक कर दिया गया था।चौधरी ने कहा कि देश के कतिपय राज्यों खासकर तमिलनाडु में पहले से आरक्षण कोटा में 50 प्रतिशत की सीमा से अधिक 69 प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान है। बिहार सरकार द्वारा आरक्षण कोटे में की गई बढोत्तरी संविधानसम्मत और न्यायोचित है।उन्होंने कहा कि विधिवेत्ताओं से परामर्श कर राज्य सरकार पूरी तत्परता से पटना हाई कोर्ट के आरक्षण पर आए फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती देगी। बिहार में कमोबेश सभी समुदायों और वर्गों को संविधान के दायरे में आरक्षण का लाभ दिया गया है। जो वर्ग सामाजिक, शैक्षणिक रूप से आज भी पिछड़ा है, आरक्षण उसका संवैधानिक अधिकार है। भाजपा पूर्ण रूप से आरक्षण की हिमायती है।

## मुजफ्फरपुर और गया समेत इन 4 शहरों में दौड़ेगी मेट्रो, नीतीश कैबिनेट का बड़ा फैसला



मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज कैबिनेट की बैठक बुलाई थी. मुख्य सचिवालय स्थित मंत्रिपरिषद कक्ष में आयोजित बैठक में सरकार ने कई फैसले लिए हैं. कैबिनेट की बैठक में कुल 22 एजेंडों पर मुहर लगी है. इसमें सबसे महत्वपूर्ण बात मेट्रो को लेकर फैसला लिया गया है. नगर विकास एवं आवास विभाग ने राज्य के चार महत्वपूर्ण शहरों में मेट्रो चलाने का फैसला लिया है. मुजफ्फरपुर, गया, दरभंगा और भागलपुर में मेट्रो रेल के परिचालन के प्रस्ताव की सैद्धांतिक सहमति हुई.

## खेल विभाग में 98 पदों की सृजन की स्वीकृति

इसके अलावे कई एजेंडों पर मुहर लगी है. बिहार में सरकारी सेवाओं में नियुक्ति के लिए विभिन्न अयोगों की तरफ से संचालित परीक्षाओं को आवश्यक चरणों में आयोजित करने और उक्त चरणों में परीक्षाओं को ऑनलाइन तथा ऑफलाइन माध्यम से कराए जाने का निर्णय लिया गया है. खेल विभाग में सचिवालय एवं निदेशालय स्तर के लिए विभिन्न कोटि के कुल 98 पदों की सृजन की स्वीकृति दी गई है. नगर पंचायत एवं ग्राम पंचायत में खेल क्लब के गठन की स्वीकृति दी गई है. बिहार के 46 पॉलिटेक्निक संस्थानों में वर्ग कक्ष, कर्मशाला उपकरण के लिए 80 करोड़ रुपये की प्रशासनिक स्वीकृति दी गई है.

# मुस्लिम-यादव के बाद अब कुशवाहा समाज भी देवेश चंद्र ठाकुर से खफा, मुजफ्फरपुर में परिवाद दायर



**संवाददाता,मुजफ्फरपुर**

मुजफ्फरपुर के सीजेएम कोर्ट में सीतामढ़ी के नव निर्वाचित सांसद देवेश चंद्र ठाकुर के खिलाफ परिवाद दर्ज हुआ है. बीते दिनों कुशवाहा जाति के लालू यादव के यहां चले जाने वाले बयान को लेकर दिए गए बयान के बाद मामला को दर्ज कराया गया है. ये मामला समाजिक कार्यकर्ता और अहियापुर के निवासी दिलीप कुमार कुशवाहा ने दर्ज कराया है.इनका आरोप है कि सीतामढ़ी में जेडीयू के सांसद ने यादव मुस्लिम के साथ कुशवाहा जाति को लेकर भी टिप्पणी की थी. कुशवाहा समाज की क्षवि को खराब करने की कोशिश की गई है. इसी को लेकर के यह परिवाद दायर किया है.इस मामले में परिवादी के अधिवक्ता हरिओम कुमार ने बताया कि एमपी सीतामढ़ी देवेश चंद्र ठाकुर ने कुशवाहा समाज को लेकर बयान दिया गया था, जिसको लेकर इस समाज के लोग के आहत होने की भावना को लेकर परिवाद दायर किया गया है, जिसमे आईपीसी की धारा,505 और 501 के तहत मामला दर्ज कराया गया है और इस मामले में सुनवाई की तिथि 2 जुलाई 2024 को मुकर्रर हुई है

## क्या था देवेश चंद्र ठाकुर का बयान

बता दें कि देवेश चंद्र ठाकुर ने अपने एक बयान में मुसलमान, यादव और कुशवाहा समाज पर उन्हें वोट नहीं देने की बात कही थी. सीतामढ़ी में एक सभा में उन्होंने कहा था कि यादव और मुसलमान समाज के लोगों का उन्होंने बहुत सारा काम किया है, लेकिन इस समाज ने उन्हें वोट नहीं दिया. इसलिए अब हम उनका कोई काम नहीं करेंगे. उन्होंने यह भी कहा था कि कोईरी जाति के लोगों ने भी एनडीए को वोट नहीं दिया. अब जेडीयू के सीतामढ़ी के नव निर्वाचित सांसद देवेश चंद्र ठाकुर के बयान को लेकर बिहार का सियासी पारा गर्म है और अब इनके दिए गए बयान को लेकर मुस्लिम और यादव के बाद अब कुशवाहा जाति के लोग भी सामने आ गए हैं. जिसके बाद सांसद देवेश चंद्र ठाकुर की मुश्किलें बढ़ गई है. उनकी राजनीतिक बयानबाजी का मामला अब कोर्ट तक पहुंच गया है.

# रिमी सेन संग हुआ करोड़ों का फ्रॉड



रिमी सेन ने 4.14 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी के मामले में अपनी कानूनी लड़ाई को बॉम्बे हाई कोर्ट तक पहुंचा दिया है। साथ ही उन्होंने यह भी खुलासा किया कि इसमें इतना समय क्यों लगा। एक्ट्रेस ने बताया है कि उनके एक करीबी दोस्त ने उनके साथ फ्रॉड किया है।

फिल्म इंडस्ट्री में आए दिन किसी न किसी स्टार के साथ फ्रॉड होने की खबरें सामने आती रहती हैं। अब लंबे समय से एक्टिंग की दुनिया से दूर रही बॉलीवुड की मशहूर एक्ट्रेस एक फ्रॉड केस की वजह से खबरों में बनी हुई हैं। हम बात कर रहे हैं रिमी सेन की उनके साथ धोखाधड़ी होने का मामला सामने आया है। इस बार फ्रॉड के जाल में रिमी सेन फंसी हैं। एक्ट्रेस एक ऐसा जाना माना नाम है जो किसी पहचान की मोहताज नहीं हैं। खबर है कि रिमी सेन के साथ उनके किसी दोस्त ने करोड़ों की धोखाधड़ी की है।

# सुपर किंग्स को लगा बड़ा झटका, आगामी सीजन में नहीं खेलेगा ये स्टार खिलाड़ी, रिप्लेसमेंट का किया गया ऐलान




मेजर लीग क्रिकेट के दूसरे सीजन की शुरुआत 5 जुलाई से होने वाली है। वहीं, इसका फाइनल मुकाबला 28 जुलाई को खेला जाएगा। बता दें, अमेरिका में खेली जाने वाली इस क्रिकेट लीग को हाल ही में लिस्ट ए का दर्जा मिला है। इस टूर्नामेंट के पहले सीजन में कुल 6 टीमें खेली थीं। जिसमें आईपीएल की 3 फ्रेंचाइजियों ने अपनी टीमें खरीदी, जिसमें एमआई न्यूयॉर्क, लॉस एजिल्स नाइट राइडर्स और टेक्सास सुपर किंग्स शामिल हैं। इस लीग के अगले सीजन से पहले टेक्सास सुपर किंग्स के स्क्वॉड में एक बदलाव देखने को मिला है।

## टेक्सास सुपर किंग्स की टीम में बदलाव

मेजर लीग क्रिकेट को पिछले साल अपने पहले सीजन में फैंस का भरपूर प्यार मिला था। इस बार भी फैंस को एक से बढ़कर एक मुकाबले देखने को मिलेंगे।

लेकिन अगले सीजन से पहले टेक्सास सुपर किंग्स की टीम में बदलाव देखने को मिला है। न्यूजीलैंड के डेरिल मिचेल चोट के कारण 2024 मेजर लीग क्रिकेट टूर्नामेंट से बाहर हो गए हैं। मिचेल को प्रतियोगिता के दूसरे सीजन से पहले टेक्सास सुपर किंग्स ने विदेशी खिलाड़ी के तौर पर चुना था। न्यूजीलैंड के इस क्रिकेटर को अपनी चोट के लिए रिहैबिलिटेशन प्रोग्राम से गुजरना होगा।

## टेक्सास सुपर किंग्स का स्क्वॉड

फाफ डु प्लेसिस (कप्तान), डेवोन कॉनवे, मिशेल सेंटनर, केल्विन सैवेज, ड्वेन ब्रावो, मिलिंद कुमार, कैमरून स्टीवेन्सन, जिया शहजाद, सैतेजा मुक्कामल्ला, मोहम्मद मोहसिन, जिया उल हक, जोशुआ ट्रॉम्प, राज नन्नन, नूर अहमद, आरोन हार्डी, मार्कस स्टोइनिस, एडेन मार्करम, नवीन उल हक।

# रोहित का बड़ा फैसला, इस खिलाड़ी को दिया T20 वर्ल्ड कप में डेब्यू का मौका, सिराज की छीनी जगह




रोहित शर्मा की कप्तानी में टीम इंडिया टी20 वर्ल्ड कप 2024 में बहुत ही शानदार प्रदर्शन कर रही है। भारतीय टीम ने ग्रुप स्टेज में लगातार तीन मैच जीतकर सुपर-8 में जगह पक्की की है। टी20 वर्ल्ड कप 2024 के सुपर-8 राउंड में इस समय भारत और अफगानिस्तान के बीच मुकाबला खेला जा रहा है। इस मैच में भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया है। कप्तान रोहित ने टीम इंडिया की प्लेइंग इलेवन में एक बदलाव किया है।

## कुलदीप यादव को मिला चांस

अफगानिस्तान के खिलाफ मैच के लिए भारतीय टीम की प्लेइंग इलेवन में एक फेरबदल हुआ है। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज को प्लेइंग इलेवन से बाहर कर दिया है। उनकी जगह कुलदीप यादव को चांस मिला है। कुलदीप यादव ने टी20 वर्ल्ड कप में अपना डेब्यू किया है। इससे पहले उन्होंने टी20 वर्ल्ड कप के इतिहास में एक भी मैच नहीं खेला था। कुलदीप दमदार गेंदबाजी करने के लिए जाने जाते हैं और काफी किफायती भी साबित होते हैं। बारबाडोस की पिच स्पिनर्स की मददगार होती है। इसी वजह से कुलदीप को मौका मिला है। कुलदीप ने भारत के लिए T20I मैच में साल 2017 में डेब्यू किया था। उन्होंने टीम इंडिया के लिए 35 T20I मैच में 59 विकेट चटकाए हैं। उन्होंने T20I के करियर में दो बार 5 विकेट हॉल हासिल किए हैं।




SCORPIO
CLASSIC
NOTHING ELSE WILL DO


SPORT
UTILITY
VEHICLES
A CLASSIC
CONQUEROR INDEED
SCORPIO